# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती और पदोन्नति विभाग
कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

## एसबीआई में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

**विज्ञापन संख्या: CRPD/ SCO-WM/2018-19/03**

**ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 08.06.2018 से 18.06.2018 तक**

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए अलग-अलग आवेदन कर सकता/ती है, बशर्ते वह पात्रता मानदंडों पर खरा उतरता/ती हो.
2. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दी गई हो.
3. आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों पर खरे उतरते हैं.
4. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नही करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/ साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.**
5. योग्य अभ्यर्थियों की सूची बनाना और साक्षात्कार प्रलेखों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगा. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी अभ्यर्थिता मानी जाएगी.
6. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता/ती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जाने/ योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/ सलाह मात्र ई-मेल (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी) के माध्यम से ही भेजी जाएगी.
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक) तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के घटते क्रम में स्थान प्रदान किया जाएगा.
9. **इस कार्यालय को** कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां **न भेजें**.
10. **सभी संशोधन/ शुद्धि पत्र बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**

**ए. पद के विवरण/ नौकरी का प्रकार/ रिक्त-पद/ आयु/ चयन प्रक्रिया:**

| पद क्रमांक | पद | नौकरी का प्रकार | रिक्त-पद | | 31.03.2018 को आयु | | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | कुल | न्यूनतम | अधिकतम | |
| 1. | केन्द्रीय अनुसंधान दल - म्यूचुअल फंड रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | 01 | 1 | 30 | 45 | योग्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार करके साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना |
| 2. | केन्द्रीय अनुसंधान दल - फिक्सड इन्कम रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | 01 | 01 | 30 | 45 | |
| 3. | केन्द्रीय अनुसंधान दल - इक्विटी, पीएमएस और डेरिवेटिव्स रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | 01 | 01 | 30 | 45 | |

**बी. शैक्षिक योग्यता / अनुभव के विवरण:**

| पद क्रमांक | पद | शैक्षिक योग्यता (31.03.2018 को) | योग्यता पश्चात अनुभव (31.03.2018 को) | तैनाती का संभावित स्थान* |
|---|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय अनुसंधान दल - म्यूचुअल फंड रिसर्च एनालिस्ट | प्रतिष्ठित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से एमबीए/ पीजीडीएम<br>अन्य योग्यताएं (वरीयता दी जाएगी:) सीएफए/ सीएफपी/ सीडब्ल्यूएम/अर्थशास्त्र में स्नातक या स्नात्कोत्तर की डिग्री | **अनिवार्य अनुभव:**<br>वेल्थ मैनेजमेन्ट/एएमसी (म्यूचुअल फंड)/ बैंकों में कम से कम 5 वर्ष का म्यूचुअल फंड रिसर्च का अनुभव.<br>**निम्नलिखित अनुभव वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी:**<br>ए. वैल्थ मैनेजमेन्ट फर्मों/ बैंकों/ परिवार कार्यालयों/ में म्यूचुअल फंड रिसर्च में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव.<br>या<br>एमएफ रिसर्च फर्म जैसे क्रिसिल, मॉर्निंग स्टार, ब्लूमबर्ग आदि.<br>बी. एमएफ में मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान का अनुभव.<br>सी. प्राइमरी/ सेकेन्डरी इक्विटी और फिक्स्ड इन्कम मार्केटों का ज्ञान.<br>डी. ऋण बाज़ारों के बारे में अपनी राय रखने का अनुभव.<br>ई. एक्सेल/ मॉडलिंग तकनीकों/ ब्लूमबर्ग/ रियूटर्स/ मॉर्निंग स्टार/ क्रिसिल डेटा बेस. | मुंबई |
| 2. | केन्द्रीय अनुसंधान दल फिक्स्ड इन्कम रिसर्च एनालिस्ट | प्रतिष्ठित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से एमबीए/ पीजीडीएम<br>अन्य योग्यताएं (वरीयता दी जाएगी):<br>सीएफए/ सीएफपी/ सीडब्ल्यूएम/ अर्थशास्त्र में स्नातक या स्नात्कोत्तर की डिग्री | **अनिवार्य अनुभव:**<br>वेल्थ मैनेजमेन्ट/ एएमसी (म्यूचुअल फंड)/ बैंकों में फिक्स्ड इन्कम रिसर्च में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव.<br>**निम्नलिखित अनुभव वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी**<br>ए. फिक्स्ड इन्कम रिसर्च/रिसर्च एनालिटिक्स में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव.<br>बी. स्थानीय और वैश्विक आर्थिक प्रवृत्तियों का उत्कृष्ट ज्ञान.<br>सी. प्राइमरी/ सेकेन्डरी मार्केट फिक्स्ड इन्कम मार्केटों का ज्ञान.<br>डी. ऋण बाज़ारों के बारे में अपनी राय रखने का अनुभव.<br>ई. एक्सेल/मॉडलिंग तकनीकों/ ब्लूबर्ग/ रियूटर्स/ मॉर्निंग स्टार/ क्रिसिल डेटा बेसों का प्रयोग करने में प्रवीणता. | मुंबई |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | केन्द्रीय अनुसंधान दल – इक्विटी, पीएमएस और डेरिवेटिव्स रिसर्च एनालिस्ट | प्रतिष्ठित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से एमबीए/ पीजीडीएम<br>अन्य योग्यताएं (वरीयता दी जाएगी):<br>सीएफए/ सीएफपी/ सीडब्ल्यूएम/ अर्थशास्त्र में स्नातक या स्नात्कोत्तर की डिग्री | **अनिवार्य अनुभव:**<br>वेल्थ मैनेजमेन्ट/ एएमसी (म्यूचुअल फंड)/ बैंकों में इक्विटी रिसर्च में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव.<br>**निम्नलिखित अनुभव वाले व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी**<br>ए) इक्विटी रिसर्च/ रिसर्च एनालिटिक्स में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव.<br>बी. स्थानीय और वैश्विक स्टॉक मार्केट की प्रवृत्तियों का उत्कृष्ट ज्ञान.<br>सी. स्थानीय प्राइमरी/सेकेन्डरी इक्विटी मार्केटों और भारत में पीएमएस स्कीमों का उत्कृष्ट ज्ञान.<br>डी. अपनी राय रखने और इक्विटी मार्केट/सेक्टर ट्रेन्ड्स पर अनुसंधान आधारित प्रकाशनों का अनुभव.<br>ई. हेजिंग और डेरिवेटिव कार्यनीतियों का प्रयोग करना.<br>एफ. एक्सेल/ मॉडलिंग तकनीकों/ ब्लूमबर्ग/ रियूटर्स/ मॉर्निंग स्टार/ क्रिसिल डेटा बेसों के प्रयोग में प्रवीणता. | मुंबई |

*तैनाती का स्थान मात्र उदाहरण के लिए है. चयनित उम्मीदवार को भारत में किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है.

**नोट:**

**i.** ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यतकता के अनुसार बदल सकती है.

**ii.** विभिन्न पदों के लिए जो शैक्षिक योग्यता निर्धारित है वह न्यूनतम है. 31.03.2018 को अभ्यर्थी के पास आवश्यक रूप से योग्यता और संबद्ध पूर्ण कालिक योग्यता पश्चात अनुभव हो.

**iii.** जो अभ्यर्थी दिव्यांग हैं और उनके लिए कोई आरक्षण नहीं दर्शाया गया है वे यदि अनारक्षित श्रेणी पर लागू सभी पात्रता मानदंडों (शैक्षिक योग्यता और अनुभव) को पूरा करते हों तो वे अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त–पदों हेतु बेहिचक आवेदन कर सकते हैं.

**iv.** पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी भारत सरकार के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र अपलोड करें.

सी. **कार्य की प्रकृति और केआरए:**

| क्रमांक | पद | संक्षेप में कार्य की प्रकृति और केआरए |
|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय अनुसंधान दल – म्यूचुअल फंड रिसर्च एनालिस्ट | म्यूचुअल फंड रिसर्च एनालिस्ट प्रोडक्ट एन्ड रिसर्च हैड के निकट सान्निध्य में कार्य करेगा और निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करेगा:<br>ए. भारत में म्यूचुअल फंड स्कीमों पर मात्रात्मक और गुणात्मक अनुसंधान करना.<br>बी. अनुमोदित और संस्तुत एमएफ स्कीमों की सूची बनाना.<br>सी. आंतरिक और ग्राहकों के प्रयोगार्थ एमएफ अनुसंधान और अन्य प्रकाशनों को तैयार करना.<br>डी. उत्पाद संबंधी नए विचारों के लिए बाज़ारों पर नज़र घुमाते रहना और नियमित रूप से एएमसी के प्रोडक्ट और फंड मैनेजरों से बातचीत करना.<br>ई. एएमसी और स्कीमों के अनुमोदन हेतु उपयुक्त रूप से मनोयोग से कार्य करना.<br>एफ. प्रोडक्ट कमीशन बातचीत करना.<br>जी. एमएफ स्कीमों और ग्राहक पोर्टफोलियो का विश्लेषण करना.<br>एच. मार्केट डेटा एग्रीगेटर्स और अनुसंधान रिपोर्ट प्रदाताओं के साथ संपर्क करना.<br>आई. आईसी और आरएम टीमों के साथ नियमित रूप से बातचीत करना. |
| 2. | केन्द्रीय अनुसंधान दल – फिक्स्ड इन्कम रिसर्च एनालिस्ट | म्यूचुअल फिक्स्ड इन्कम एनालिस्ट प्रोडक्ट एन्ड रिसर्च हैड के निकट सान्निध्य में रहकर कार्य करेगा और निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित करेगा:<br>ए. वर्तमान फिक्स्ड इन्कम मार्केट को समझना और फिक्स्ड इन्कम मार्केटों पर भविष्य के प्रति अपना दृष्टिकोण बनाना.<br>बी. आंतरिक और ग्राहकों के प्रयोगार्थ फिक्स्ड इन्कम रिसर्च/ प्रकाशन तैयार करना.<br>सी. अनुमोदित और संस्तुत फिक्स्ड इन्कम प्रतिभूतियों की सूची तैयार करना.<br>डी. बॉन्ड की कीमतों और ट्रेड के लिए अन्य विभागों और बाज़ार के अन्य प्रतियोगियों से संपर्क करना.<br>ई. म्यूचुअल फंड और ग्राहक पोर्टफोलियो का फिक्स्ड इन्कम एनालिटिक्स करना.<br>एफ. मार्केट डाटा एग्रीगेटर्स और रिसर्च रिपोर्ट प्रदाताओं के साथ संपर्क करना.<br>जी. आईसी और आरएम दलों के साथ नियमित बातचीत करना. |
| 3. | केन्द्रीय अनुसंधान दल – इक्विटी, पीएमएस और डेरिवेटिव्स रिसर्च एनालिस्ट | इक्विटी रिसर्च एनालिस्टी प्रोडक्ट एन्ड रिसर्च हैड के निकट सान्निध्य में कार्य करेगा और निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करेगा:<br>ए. वर्तमान वृहदतर इक्विटी मार्केट और सेक्टोरल प्रवृत्तियों को समझना.<br>बी. इक्विटी मार्केट और विशिष्ट क्षेत्रों पर आने वाले समय के बारे में राय बनाना.<br>सी. इक्विटी मार्केट में घटने वाली घटनाओं को नियमित रूप से अपडेट को करना.<br>डी. विभिन्न पीएमएस स्कीम प्रस्तावों का विश्लेषण और ध्यानपूर्वक अनुमोदन.<br>ई. इक्विटी मार्केटों हेतु अन्य विभागों और बाहरी एजेन्सियों से संपर्क करना.<br>एफ. इक्विटी पीएमएस और ग्राहकों के पोर्टफोलियो का विश्लेषण करना.<br>जी. मार्केट डाटा एग्रीगेटर्स और अनुसंधान रिपोर्ट प्रदाताओं के साथ संपर्क करना.<br>एच. निवेश और आरएम दलों के साथ नियमित बातचीत करना. |

डी. **परिलब्धियां:**

| पद क्रमांक | पद | नौकरी का प्रकार | सीटीसी |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय अनुसंधान दल म्यूचुअल फंड रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | परक्राम्य |
| 2. | केन्द्रीय अनुसंधान दल फिक्स्ड इन्कम रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | परक्राम्य |
| 3. | केन्द्रीय अनुसंधान दल इक्विटी, पीएमएस और डेरिवेटिव्स रिसर्च एनालिस्ट | संविदागत आधार पर | परक्राम्य |

ई. **संविदा की अवधि:** 5 वर्ष और इसे नवीकृत किए जाने का विवेकाधिकार बैंक के पास है

एफ. **आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/ साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वैबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इन्टरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि का प्रयोग आवेदन शुल्क का भुगतान करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार (आवेदन कैसे करें के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/ आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में काट-छांट कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें.

**शुल्क के भुगतान के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत:**

i. सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और इन्टीमेशन शुल्क (अप्रतिदेय) 600/- रुपए है (छह सौ रुपए मात्र) और यह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए 100/-रुपए है (एक सौ रुपए मात्र).

ii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii. आवेदन प्रपत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन अनुमत न होगा.

iv. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करने का यदि कोई लेनदेन शुल्क हुआ तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा.

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई-रसीद और आवेदन प्रपत्र बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले.

vi. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vii. ऐसा प्रावधान भी है कि शुल्क विवरणों सहित ई-रसीद और आवेदन प्रपत्र का प्रिन्ट फिर से बाद में लिया जा सके.

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस नहीं लौटाया जाएगा न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित ही किया जाएगा.

जी. **प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**ए. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त जीवन वृत्त (डीओसी या डीओसीएक्सह)

ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

iv. शैक्षिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

vi. अन्य (पीडब्ल्यूप्रमाणपत्र, प्रपत्र 16 जो कि 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार हो, वर्तमान वेतन पर्ची आदि)

**बी. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची रंगीन फोटो.

ii. फाइल का आकार 20 केबी- 50केबी के बीच का और आयाम 200 X 230 पिक्सल (अधिमानत:) हो.

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, इसे हो सके तो सफेद नहीं तो हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.

vi. यदि आपको फ्लेश का प्रयोग करना होता है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आय नहीं है.

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछांई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनार पर सेट करके समायोजित कर लें.

**सी. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई और व्यक्ति.

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.

iv. उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर परीक्षा के समय यदि कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.

v. फाइल का आकार 10 केबी-20केबी के बीच का हो और आयाम 140 X 60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.

vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.

vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**डी. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.

ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के तौर पर सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**ई. चित्र/ हस्ताक्षर/ प्रलेखों को स्कैन करने हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.

ii. कलर को टू कलर पर सेट करें.

iii. चित्र/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप पर चित्र को स्कैन करें फिर चित्र को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.

iv. चित्र/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या फिर जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम इमेज 01. जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है

vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी आरूप में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया चित्र या हस्ताक्षर किसी भी आरूप में जेपीजी आरूप में सेव किए जा सकते हैं इसके लिए फाइल मेन्यू में सेव ऐज़ के विकल्प का प्रयोग करना होगा. फाइल के आकार को 50केबी (फोटो) को घटाया जा सकता है और 20 केबी (हस्ताक्षर) क्रॉप का प्रयोग कर किया जा सकता है और फिर रिसाइज़ ऑप्शन (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) इमेज मेन्यू में दिया हुआ है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.

vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**एफ. प्रलेख अपलोड करने के लिए प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने के लिए अलग से लिंक हैं.

ii. अपलोड का संबंधित लिंक क्लिक करें.

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जीपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.

v. आवेदन करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से पहुंच गया है इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं होंग तो इसमें ऐर का संदेश आएगा.

vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संपादित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.

vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. चित्र या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट रूप से दिखेंगे नहीं तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संपादित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो में यदि चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

एच. **अपलोड साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

आई. **सामान्य जानकारी**

i. किसी पद पर आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह दी गई तारीख को उस पद हेतु ऊपर लिखे पात्रता तथा अन्य मानदंडों पर खरा उतरता/उतरती है तथा उसने जो भी जानकारी प्रदान की है वह हर तरह से सही है.

ii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों पर खरा नहीं उतरता/उतरती है तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्ति की जा सकती है.

iii. आवेदक यह सुनिश्चित करे कि यह आवेदन पूरी तरह से विहित आरूप के अनुसार है और ठीक तथा पूरी तरह से इसे भरा गया है.

iv. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचार नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

v. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें पत्र/साक्षात्कार की तारीख संबंधी जानकारी आदि प्राप्त हो सके.

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vii. दिव्यांग जनों सहित जो अभ्यर्थी आरक्षित श्रेणी के हैं, जिनके लिए आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे अनारक्षित श्रेणी के लिए बेहिचक आवेदन कर सकते हैं और वे अनारक्षित श्रेणी पर लागू पात्रता के सभी मानदंडों पर अवश्य खरे उतरते हों.

viii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की भरपाई के हकदार होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वैबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के काबू से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्याकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार ही किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकेगा.

xiii. जहां भर्ती बिना लिखित परीक्षा के और केवल साक्षात्कार लेकर की जाती है वहां मात्र पात्रता मानदंडों पर खरे उतरना ही काफी नहीं होता है कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुला लिया जाए. बैंक के पास यह अधिकार आरक्षित होता है कि वह अभ्यर्थी की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संदर्भ को दृष्टिगत रख आरंभिक स्क्रीनिंग/छंटाई के बाद ही साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या में ही उन्हें बुलाए.

xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की दशा में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग-अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकारक्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहर के शहरों से आने वाले अभ्यर्थियों को योग्य उम्मीदवारों की सूची बनाने के बाद साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने की दशा में वास्तविक यात्रा के आधार पर या भारत में जो वहां तक का सबसे छोटा रास्ता होगा उसे यात्रा व्यय (हवाईजहाज का किराया इकॉनॉमी क्लास) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन की भरपाई नहीं की जाएगी. पद हेतु यदि अभ्यर्थी अपात्र पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में उपस्थित नहीं होने दिया जएगा और उसे किसी किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी.

xix. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

यदि कुछ पूछना हो तो CONTACT US इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है
(यूआरएल: **https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या **https://sbi.co.in/careers/psq.htm?action=pquery**)
यह विज्ञापन भी बैंक की वैबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध है.

**मुंबई,**
**दिनांक: 08.06.2018**

**छपाई में यदि कोई गलती हुई तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**